एक नजर में

झण्डा वंदन कर किया 201 बिल्व पत्र का वितरण

उज्जैन। उज्जैन। स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष में इलेक्ट्रिक मर्चेंट एसोसिएशन उज्जैन, ओंकारलाल खंडेलवाल पारमार्थिक न्यास सांवेर, वसुंधरा हरियाली महोत्सव समिति, पर्यावरण संरक्षण गतिविधि महानगर, पर्यावरण प्रेमी परिवार उज्जैन के सदस्यों द्वारा झण्डा वंदन कर 201 बिल्व पत्र का वितरण किया। इस कार्यक्रम में वार्ड क्रमांक 23 से पार्षद व एमआईसी सदस्य रजत मेहता, पार्षद वार्ड क्रमांक 24 से पार्षद जोन क्रमांक 3 के अध्यक्ष सुशील श्रीवास उपस्थित रहे। साथ ही ग्रुप के अध्यक्ष अरुण रोचवानी, सर्वोदय सेठी, विवेक सेठी, दर्शन सिंघवी, पुनीत सांखला, अंकित जैन, विक्की नीमा, अजय रामी, गौरव मालपानी सहित बड़ी संख्या में सदस्य उपस्थित रहे।

शहर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश भाटी ने अच्छी बारिश के लिए किया पूजन अनुष्ठान

उज्जैन। शहर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मुकेश भाटी द्वारा सामाजिक न्याय परिसर में मायापति हनुमान मन्दिर उज्जैन शहर में अच्छी बारिश, देश प्रदेश में खुशहाली के लिए पूजन अनुष्ठान किया साथ ही पर्यावरण रक्षा हेतु पौधारोपण किया। नेता प्रतिपक्ष रवि राय ने बताया कि शहर अध्यक्ष मुकेश भाटी के जन्मोत्सव पर आयोजित कार्यक्रम में विधायक महेश परमार, वरिष्ठ कांग्रेस नेता मनोहर बैरागी, सत्यनारायण पंवार, नेता प्रति पक्ष रवि राय, राजेंद्र वशिष्ठ, अजीत सिंह ठाकुर, अजय राठौर संगठन मंत्री, वीनू कुशवाह, योगेश शर्मा, संचित शर्मा, मनीष शर्मा, अर्पित दुबे, पार्षद सपना सांखला, इमरान भाई, पार्षद जाहिद पहलवान, विक्की यादव, अभिषेक शर्मा, राजेंद्र राठौर, रमेश परिहार, देवव्रत यादव, योगेश व्यास एडवोकेट, प्रकाश चौबे एडवोकेट, सतीश मरमट, वीरेंद्र गोसर, वसीम बंटी, धर्मेन्द्र ठाकुर, रमेश सांखला, प्रकाश सोलंकी, श्याम जटिया, चंदू यादव, अनवर नागोरी, फिरोज पठान, अशुतोष शुक्ला, अर्पित यादव, कृष्ण यादव, वरुण शर्मा, सोनिया ठाकुर महिला कांग्रेस अध्यक्ष, अर्पण राठौर सहित वरिष्ठ कांग्रेस जन, शहर कांग्रेस के पदाधिकारी, सेवा दल, महिला कांग्रेस, युथ कांग्रेस, एन एस यू आई, सभी पार्षद गण, ब्लॉक अध्यक्ष, ब्लॉक प्रभारी, आई टी सेल, सभी प्रकोष्ठ के पदाधिकारी, मंडलम सैक्टर बी एल ए साथी सहित बड़ी संख्या में गणमान्यजन शामिल हुए।

अग्रवाल समाज ने मनाया स्वतंत्रता दिवस समारोह

उज्जैन। श्री अग्रवाल पंचायत न्यास द्वारा 79वां स्वतंत्रता दिवस समारोह उत्साह पूर्वक अग्रवाल भवन, मोदी गली पर भव्य रूप से मनाया गया। इस अवसर पर सर्वप्रथम श्री अग्रवाल पंचायत न्यास के अध्यक्ष निमेश अग्रवाल एवं सचिव दीपक मित्तल के साथ उपस्थित सभी अग्रबंधुओं ने झंडावंदन किया। तत्पश्चात राष्ट्र गान एवं उसके पश्चात निमेश अग्रवाल द्वारा स्वागत उदबोधन दिया गया। आपने अपने उदबोधन में राष्ट्रीय एकता के साथ-साथ सामाजिक एकता एवं समाज की प्रगति के लिए सभी अग्रबंधुओं से मिलकर इस दिशा में कार्य करने की बात कही है। आपने बताया कि अग्रवाल समाज द्वारा अग्रवाल नवयुवक मंडल एवं अग्रवाल महिला मंडल एवं अन्य सभी संस्थाओं के साथ मिलकर आगामी श्री गणेश महोत्सव एवं श्री अग्रसेन जयंती महोत्सव भव्य स्तर पर मनाने की तैयारियां प्रारंभ हो चुकी है।

कृष्ण स्वरूप में सजे श्री सर्वेश्वर महादेव, मंदिर में मना जन्माष्टमी महोत्सव

उज्जैन। गुरू सांदीपनि तपस्थली महर्षि सांदीपनि आश्रम में स्वयंभू श्री सर्वेश्वर महादेव मंदिर में श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। महादेव का भांग, चदन से अद्भुत श्रृंगार किया वहीं विशेष प्रकार के पुष्पों से संपूर्ण मंदिर को सजाया गया। पुजारी पं. राहुल व्यास ने बताया कि जन्माष्टमी महोत्सव पर कृष्ण स्वरूप में सजे सर्वेश्वर महादेव के दर्शन हजारों भक्तों ने किये। महादेव का विशेष पूजन अभिषेक कर महाआरती की गई।

अभिभाषक संघ में अध्यक्ष ओम साखान ने किया ध्वजारोहण

उज्जैन। 15 अगस्त शुक्रवार को जिला न्यायालय परिसर स्थित सर्विस बिल्डिंग में न्यायाधीशगण व अभिभाषकों की उपस्थिति में अभिभाषक संघ के अध्यक्ष ओम सारवान द्वारा ध्वजारोहण कर स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाकर सभी को 79वें स्वतंत्रता दिवस की बधाई प्रेषित की। इस अवसर जिला न्यायालय उज्जैन में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के पद से मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय में न्यायमूर्ति के पद पर सुशोभित होने पर न्यायमूर्ति राजेश कुमार गुप्ता को स्मृति चिन्ह प्रदान कर व सम्मानित कर उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित की गई। उक्त कार्यक्रम में अध्यक्ष ओम सारवान, अभिभाषक सुरेन्द्र चतुर्वेदी व संदीप मेहता द्वारा न्यायमूर्ति श्री गुप्ता के जीवन परिचय सहित उनकी कार्यप्रणाली व अनुभवों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर न्यायमूर्ति श्री गुप्ता की धर्मपत्नी भी विशेष रूप से उपस्थित रही। साथ ही परिवार न्यायालय की प्रधान न्यायाधीश किरणसिंह की सेवानिवृत्ति के अवसर पर स्मृति चिन्ह प्रदान कर उन्हें विदाई दी गई। कार्यक्रम का संचालन अभिभाषक मनीष मनाना के किया तथा आभार उपाध्यक्ष सुरेन्द्र मेहता ने माना। इस अवसर पर जिला न्यायालय उज्जैन के प्रभारी प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एपीएस चौहान सहित समस्त न्यायाधीशगण व अभिभाषक संघ उज्जैन के सचिव डॉ. प्रकाश चौबे, कोषाध्यक्ष देवेन्द्र शर्मा, सहसचिव सुमनलता चौऋषिया, संदेश परिहार, कार्यकारिणी सदस्य रवि शर्मा, गुंजन गोयल, नवीन जायसवाल, वीरेन्द्र गुर्जर, आरतीसिंह, भारत मालवीय, दशरथ परमार, ममता जोशी, राजेश कपिल, प्रभा बैरागी सहित अभिभाषक रविन्द्र त्रिवेदी, किरण जुनेजा, दिनेश पण्ड्या, मस्तानसिंह छाबड़ा, डीडी चौधरी, प्रमोद चौबे, अशोक यादव, वीरेन्द्रसिह परिहार, अंजना शर्मा, अरविन्द बिसेन, सुभाष यादव, डॉ. प्रकाश डाबी, विष्णु दीक्षित, गणेश कुमावत, संदीपसिंह कुशवाह, राजेन्द्रसिंह चौहान, शैलेष परमार, संजय सक्सैना, विजय पटेल, रविन्द्रसिंह कुशवाह, पंकज जैन, मनीष श्रीवास्तव, पियुष शाह, नितिन जोशी, अजीत वर्मा, तनवीर एहमद, प्रदीप जायसवाल, हरीश राठौर, गजेन्द्र कुशवाह, सुनिता बामनिया, शक्ति वर्मा, रजनी पटेल, सुनिता अहिरवार सहित बड़ी संख्या में अभिभाषक सदस्यगण उपस्थित थे।

स्वतंत्रता दिवस पर तिरंगे झंडों से उज्जैन हुआ रोशन, कलेक्टर ने किया ध्वजारोहण

झंडा वंदन से पहले कलेक्टर में उतरे जूते, पहली बार मुख्यमंत्री के संदेश का पूरे प्रदेश में हुआ लाइव टेलीकास्ट

स्कूली छात्र छात्राओं द्वारा आकर्षक प्रस्तुति दी गई

उज्जैन। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के गृह नगर में लंबे समय बाद जिलाधीश द्वारा ध्वजारोहण किया गया ,उज्जैन कलेक्टर रोशन कुमार सिंह जब मंच पर पहुंचे तो झंडा वंदन के पहले उन्होंने अपने जूते उतारे और उसके बाद ध्वजारोहण किया जिसकी चर्चा दिनभर होती रही ।पूरे उज्जैन शहर में तिरंगे झंडे लगने से विहंगम दृश्य नजर आया।

लंबे-लंबे भाषणों से इस बार निजात मिली और आधे से 1 घंटे तक तक दशहरा मैदान पर छात्र-छात्राएं और श्रोतागण सांस्कृतिक और राष्ट्रीय प्रस्तुति देखने आते तो उन्हें काफी इंतजार करना पड़ता था ,कई बार छात्र-छात्रा है गश खाकर गिर जाते थे, धूप और उमस की वजह से लोग परेशान होते थे, इस बार मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने नवाचार किया और लंबे भाषण नहीं हुए मुख्यमंत्री डॉ यादव का प्रदेश के नाम उद्बोधन हुआ जिसका लाइव प्रसारण दिखाया गया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सिंहस्थ-2028 अभूतपूर्व होगा। इसके लिये शिप्रा पर 30 किलोमीटर लंबाई के नवीन घाट निर्मित किए जा रहे हैं। इससे सिंहस्थ के दौरान 24 घंटे में लगभग 5 करोड़ श्रद्धालु स्नान कर सकेंगे ।शिप्रा का जल निर्मल और प्रवाहमान बनाए रखने के लिए सेवरखेड़ी-सिलारखेड़ी परियोजना एवं शुद्धीकरण के लिए कान्ह डायर्वजन क्लोज डक्ट परियोजना विकसित की जा रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि ऑपरेशन सिन्दूर में भारतीय सेनाओं के अप्रतिम साहस और शौर्य के सम्मान में प्रदेशभर में तिरंगा यात्राएं निकाली गईं। उन्होंने कहा कि देश में आस्था से अर्थव्यवस्था तक, परम्परा से प्रौद्योगिकी तक, सुविधा से सरोकार तक, कृषि से उद्योग तक, नौकरी से स्टार्ट-अप तक हर क्षेत्र में नए-नए कीर्तिमान रचे जा रहे हैं। मध्यप्रदेश ने स्थापना से लेकर अब तक विकास यात्रा के अनेक पड़ाव सफलतापूर्वक पार किए हैं। प्रदेश की प्रगति के निर्णयों को नागरिकों का व्यापक समर्थन मिला है और हम विकास की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहे हैं ।प्रदेशवासियों के सहयोग से विकास का यह कारवां निरंतर आगे बढ़ता रहेगा। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर संभागीय जनसंपर्क कार्यालय और माध्यमिक शिक्षा मंडल के कार्यालय परिसर में ध्वजारोहण किया गया। संभागीय जनसंपर्क कार्यालय के उपसंचालक अरुण कुमार राठौर और माध्यमिक शिक्षा मंडल के प्रभारी अधिकारी एस के रेनीवाल ने ध्वजारोण कर सभी को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी।

प्रशासनिक संकुल भवन में ध्वजारोहण किया

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शुक्रवार को प्रातः प्रभारी संभागायुक्त रत्नाकर झा और कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने विक्रमादित्य प्रशासनिक संकुल भवन पर ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर कलेक्टर कार्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारीगण मौजूद थे। इसके पूर्व कलेक्टर श्री सिंह ने बंगला कार्यालय पर भी ध्वजारोहण किया।

मासूम दो बेटियों का मां ने गला दबाकर की हत्या

चटाई में लपेटने के बाद जेठानी से कहा मार दिया

उज्जैन। स्वतंत्रता दिवस पर महिदपुर तहसील में खौफनाक मंजर सामने आया। मासूम दो बेटियों का मां ने गला दबाकर हत्या कर दी। दोनों की लाश को चटाई में लपेटने के बाद जेठानी से कहा कि मार दिया है। सूचना मिलने पर पुलिस ने दोनों मासूम के शवो का पोस्टमार्टम कराया है।

महिदपुर थाना प्रभारी नरेंद्र सिंह परिहार ने बताया कि ग्राम तुलसापुर के चौकीदार ने सूचना देकर बताया कि अशोक बंजारा की चार वर्षीय पुत्री उमा और 8 माह की अनुष्का को उसकी मां पूजा ने गला दबाकर मार दिया है। सूचना पर पुलिस घटना स्थल पहुंची लेकिन दोनों मासूम बच्चों को अस्पताल ले जाया जा चुका था। घटना स्थल पर पूछताछ करने के बाद सामने आया कि पूजा ने अपनी बेटियों की हत्या के बाद उन्हें चटाई में लपेट दिया था और अपने जेठानी से कहा था कि मार दिया है। घटनाक्रम दोपहर 2 से 2ः30 बजे के लगभग का होना पता चला। पुलिस ने मामले में जान

शुरू करते हुए हत्या करने वाली मां पूजा को राउंडअप किया और पूछताछ शुरू की तो उसने हत्या करना कबूल कर लिया। जानकारी सामने आई कि दोनों मासूम बहनों की एक बड़ी बहन भी है जो 7 साल की है वह घटना के समय घर के बाहर खेल रही थी। मासूम बेटियों का पिता कम पर गया था जो घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंचा। थाना प्रभारी के अनुसार मामले में प्रकरण दर्ज कर लिया गया है। दोनों मासूम बच्चियों का पोस्टमार्टम कराया जाएगा। घटनाक्रम की जानकारी रखते ही महिदपुर एसडीओपी मौके पर पहुंच गए थे। पुलिस की जांच में परिजनों का कहना था कि पूजा और अशोक की शादी को करीब 8 से 10 वर्ष का समय हो चुका है। उनके यहां तीन बेटियां हुई थी पूजा का मानसिक संतुलन भी ठीक नहीं है। पुलिस का कहना था कि पूजा का मेडिकल परीक्षण भी कराया जाएगा ताकि पता चल सके की उसने अपने दिमागी संतुलन खराब होने की वजह से हत्या की है या फिर किसी मकसद से मारा है।

डॉक्टर बोली मृत अवस्था में लाये

महिदपुर शासकीय अस्पताल की डॉक्टर मैत्री मिश्रा ने बताया कि तुलसापुर से कुछ लोग दो बालिकाओं को मृत अवस्था में अस्पताल लेकर पहुंचे थे एक चार वर्ष की थी दूसरी आठ माह की थी। परीक्षण के दौरान दोनों की सांसे थमी हुई थी। पोस्टमार्टम के बाद ही दोनों की मौत का सही कारण सामने आ पाएगा।

मुकेश भाटी पुन : बने शहर अध्यक्ष विधायक परमार को बनाया ग्रामीण अध्यक्ष

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने एमपी के 71 अध्यक्षों की सूची जारी की

उज्जैन। मध्य प्रदेश की सत्ता में वापसी करने को बेकरार कांग्रेस ने मध्य प्रदेश में 71 जिला अध्यक्षों की सूची जारी की है, जिसमें पांच विधायकों को भी अध्यक्ष बनाया है। पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के पुत्र जयवर्धन सिंह को भी गुना का अध्यक्ष बनाया गया है। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के गृह नगर में उज्जैन में कांग्रेस ने चुनौती के तौर पर तराना से विधायक महेश परमार को ग्रामीण जिला अध्यक्ष बनाया है।

उज्जैन शहर कांग्रेस अध्यक्ष पद पर एक बार फिर मुकेश भाटी को रिपीट किया गया है, सत्ता पक्ष के खिलाफ लगातार धरना प्रदर्शन आंदोलन किए जाने एवं प्रथम कार्यकाल संतोषजनक रहने के कारण मुकेश भाटी को दूसरी बार यह दायित्व मिला है ,उनके साथ महेश परमार जिला ग्रामीण अध्यक्ष पद पर नियुक्त हुए हैं ,दोनों की पूर्व से भी यह जोड़ी चर्चित रही है।

सिंहस्थ और चुनाव महत्वपूर्ण

पूरे प्रदेश में जहां 71 ग्रामीण एवं शहरी जिला अध्यक्ष नियुक्त किए गए हैं और अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने संदेश दिया है कि मध्य प्रदेश में इस बार चुनाव में वापसी करना है ,सरकार बनाना है, और भाजपा को कड़ी टक्कर देना है, इधर उज्जैन की बात करें तो यहां चुनाव के साथ-साथ सिंहस्थ 2028 की तैयारी में भी कांग्रेस को सशक्त तौर पर विपक्ष की भूमिका निभानी होगी, यही कारण है कि मुकेश भाटी और विधायक महेश परमार को यह कमान सोपी गई है महेश परमार की बात करें तो वे छत्रप बनकर उभरे है, उन्होंने उज्जैन से दो चुनाव लड़े हैं, एक महापौर का और दूसरा लोकसभा का, यही कारण रहा कि अब जिला ग्रामीण अध्यक्ष पद पर विधायक श्री परमार किला लड़ायेंगे तो शहर में मुकेश भाटी कांग्रेस को मजबूत करने में अपनी भूमिका निभाएंगे।

हत्या के 2 आरोपी राउंडअप

उज्जैन। झगड़ा कर रहे युवको समझाने पहुंचे युवक पर युवक पर शराब के नशे में धुत्त युवको ने बल्ली-डंडे से हमला कर दिया था। 2 दिन घायल हालत में रहने के बाद युवक की मौत हो गई। मर्ग डायरी मिलने पर पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर 2 आरोपियों को राउंडअप कर लिया है। तीसरे की तलाश जारी है। घटनाक्रम बड़नगर थाना क्षेत्र में 9 अगस्त को हुआ था। बड़नगर थाना एसआई हेमंत कुमार कटारे ने बताया कि बड़नगर-बदनावर मार्ग पर शक्कर मिल मोहल्ला है। जिसके पास पारदी डेरा बना हुआ। यहां इंदौर के बेटमा स्थित ग्राम रावत में रहने वाला राजा पिता संकुसिंह पारदी 30 साल डेरे में निवास करता था। 9 अगस्त की शाम उसने शक्कर मिल क्षेत्र के रहने वाले जीवनसिंह, सादेन और निलेश को शराब पीकर आपस में झगड़ा करते देखा तो समझाने पहुंच गया। झगड़ा कर रहे युवको ने कहा कि तू कौन है जो बीच में बोलने आया है। इस बात पर उनके बीच गाली-गलौच हो गई। तीनों युवकों ने पास में पड़ी बल्ली और डंडे से राजा पर हमला कर दिया और भाग निकले। राजा गंभीर घायल हो गया था उसे अंदरूनी चोंट ज्यादा लगी थी। उसे घायल देख पत्नी मोनीबाई और पुत्र घर ले आये। रातभर राजा घर में पड़ा रहा। सुबह जब वह नहीं उठा और बोल नहीं पाया तो परिजनों ने एम्बुलेंस बुलाई और उपचार के लिये रतलाम मेडिकल कॉलेज लेकर चले गये। जहां उपचार के दौरान 11 अगस्त को राजा की मौत हो गई। जहां उसका पोस्टमार्टम कराया गया। घटनाक्रम की जानकारी मिलने और मर्ग डायरी आने पर मामले में हत्या की धारा 103, 3 (5) बीएनएस का प्रकरण दर्ज किया गया। हत्या में शामिल युवको की तलाश शुरू की गई और निलेश और जीवनसिंह को राउंडअप कर लिया गया।

पालकी में विराजित होकर नगर में निकले नंदलाल सर्व समाज ने किया जयकार

यादव समाज के चल समारोह में सर्व समाज ने शामिल होकर स्वागत किया, मातृशक्ति ने भी उत्साह से भाग लिया

उज्जैन। जन्माष्टमी महापर्व पर 16 अगस्त रविवार को यादव समाज के आराध्य देव भगवान श्री कृष्ण के जन्म उत्सव के अवसर पर छोटा गोपाल मंदिर टॉवर चौक से प्रारंभ हुए यादव अहीर समाज के चल समारोह में समग्र समाज ने भागीदारी की। बैंड-बाजे, हाथी, घोड़े के साथ पालकी में सवार होकर भगवान श्री कृष्ण ने भक्तों को दर्शन दिए। समाज के लोग भगवान के भक्ति गीतों की प्रस्तुति पर भक्त नाचते-गाते हुए चल रहे थे। चल समारोह में बड़ी संख्या में सर्व समाज जन, विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों ने चल समारोह में शामिल होकर भगवान कृष्ण का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। चल समारोह का समापन हाट-बाजार में हुआ। यादव अहीर महासभा द्वारा जन्माष्टमी महापर्व पर भगवान श्री कृष्ण का

जन्म उत्सव भव्य रूप से आयोजित किया गया। यादव समाज द्वारा आयोजित चल समारोह में बड़ी संख्या में शहर में रहने वाले अन्य समाजजनों ने भागीदारी की। सुबह टॉवर चौक छोटा गोपाल मंदिर से चल समारोह प्रारंभ होने के पहले पालकी में विराजित भगवान श्री कृष्ण बाल गोपाल का पूजन अर्चन यादव महासभा के नगर अध्यक्ष नारायण यादव, नगर निगम अध्यक्ष कलावती यादव व समाज के वरिष्ठ जन युवा संगठन, महिला संगठन के पदाधिकारियों ने किया। पूजन के बाद चल समारोह प्रारंभ हुआ। इस दौरान सामाजिक संस्थाओं के प्रमुख के साथ ही विभिन्न समाज जिसमें आंजना समाज, ब्राह्मण समाज, बैरवा समाज, सिंधी समाज, सहित अन्य समाज से जुड़े समाजजनों व पदाधिकारियों और ग्रामीण क्षेत्र से आए भाजपा के विभिन्न पदाधिकारियों, कांग्रेस संगठन के पदाधिकारियों ने भी चल समारोह में शामिल होकर पालकी में सवार भगवान बाल गोपाल का पूजन किया। वहीं विभिन्न समाज जनों, सामाजिक, राजनीतिक संगठनों द्वारा चल समारोह मार्ग पर मंच लगाकर स्वागत किया गया। चल समारोह का स्वरूप करीब एक किलोमीटर लंबा रहा। चल समारोह में विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, भाजपा नगर अध्यक्ष संजय अग्रवाल, विधायक रामलाल मालवीय, नंदलाल यादव, अभय यादव, प्रेम सिंह यादव, संभागीय अध्यक्ष ओम यादव, ट्रस्ट अध्यक्ष चंद्रशेखर यादव, चल समारोह अध्यक्ष आरके यादव, यशपाल सिंह यादव, नीलेश यादव सहित विभिन्न समाज के समाजजन व पदाधिकारी मौजूद थे।

मंदिर में आया दान | श्रावण के महीने में महाकाल में आया 27 करोड़ रुपए का दान

एक महीने में 85 लाख श्रद्धालुओं ने किए दर्शन, दानपेटियों से 5 करोड़ की आय

नवभारत न्यूज

उज्जैन। श्रावण मास में भगवान महाकाल के दरबार में 27 करोड़ रुपए का दान प्राप्त हुआ है। दानपेटियों से ही 5 करोड़ रुपए की राशि निकली है जो कि अपने आप में रिकॉर्ड है। महीने भर में 85 लाख श्रद्धालुओं ने दर्शन किए। 11 जुलाई से श्रावण मास शुरू हुआ था जो 9 अगस्त को रक्षाबंधन पर्व पर समाप्त हुआ। इस दौरान देश व दुनियाभर से लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं ने ज्योतिर्लिंग महाकाल के दर्शन किए ।मंदिर के प्रशासक प्रथम कौशिक ने बताया श्रावण के महीने में हर साल बड़ी संख्या में श्रद्धालु बाबा के दरबार में उमड़ते हैं। इस बार रिकॉर्डतोड़ लोग पहुंचे और समिति को दान से अच्छी आय भी हुई है। अन्य मद से भी समिति को आय हुई है। जिसमें लड्डू प्रसाद से 22 करोड़ रुपए की आय हुई है।

क्रिकेटर गौतम गंभीर ने की भस्मारती

भारतीय क्रिकेट टीम के कोच और पूर्व खिलाड़ी गौतम गंभीर परिवार के साथ उज्जैन आए। उन्होंने महाकाल की भस्मारती की। उनके साथ फिल्म अभिनेत्री सोनल चौहान भी थी। गौतम गंभीर पत्नी नताशा जैन और दोनों बेटियों के साथ मंदिर पहुंचे थे। उन्होंने नंदी हॉल में बैठकर भगवान महाकाल की पूरी भस्मारती देखी। इसके बाद गर्भगृह के बाहर से दर्शन कर आशीर्वाद लिया। मंदिर समिति ने उनका सम्मान किया। गंभीर ने बताया कि बाबा के दरबार में वे तीसरी बार आए है।

गढ़कालिका मंदिर में हैदराबाद की भक्त ने दान किया चांदी का अभिषेक पात्र व कलश

प्रसिद्ध गढ़कालिका मंदिर में हैदराबाद से आई भक्त सोरम शेलजा रेड्डी ने शनिवार को मंदिर की शासकीय पुजारी महंत करिश्मा नाथ की प्रेरणा से अपनी मनोकामना पूर्ण होने पर चांदी का एक अभिषेक पात्र व कलश दान में दिया। भक्त रेड्डी ने मंदिर में दर्शन-पूजन कर चांदी की सामग्री मंदिर में भेंट की। वे पूर्व में भी यहां आकर दर्शन करने के साथ चांदी की सामग्री मंदिर में दान कर चुकी है।